तापमान
अधिकतम 36.4 डिग्री
न्यूनतम 6.3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 नवंबर, 2025

11 प्रो. कबड्डी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अभिनंदन



12 सोनीपत को 16 दिन बाद प्रदूषण से मिली मामूली राहत



## खबर संक्षेप

### व्यापार मंडल ने शुरू की निशुल्क रोजगार सेवा

**सोनीपत।** जिला व्यापार मंडल सोनीपत ने बेरोजगारों को अवसर उपलब्ध कराने और व्यापारिक इकाइयों को आवश्यक स्टाफ दिलवाने के उद्देश्य से निशुल्क रोजगार सेवा शुरू की है। जिला प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क है और इसका लक्ष्य जिले में बेरोजगारी को कम करना है। व्यापारी अपनी जरूरत ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, वहीं नौकरी खोजने वाले उपलब्ध अवसर देख सकते हैं। वेबसाइट पर की गई एंट्री एक माह तक सक्रिय रहती है।

### शादी में खाना खाने गए युवक की ई रिक्शा चोरी

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित एक गार्डन में शादी में खाना खाने गए युवक की ई रिक्शा चोरी हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में समालखा के गांव महावटी निवासी राहुल ने बताया कि वह गत 22 नवंबर को अपनी ई रिक्शा पर चिराग गार्डन में गया था। जब गार्डन में शादी में खाना खा कर बाहर आया तो उसकी ई रिक्शा चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पांची जाटान से बिजली निगम के तार चुराए

गन्नौर। पांची जाटान गांव में बिजली निगम के तार चोरी होने का मामला सामने आया है। निगम की ओर से इस संबंध में गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत दी गई है। जेई विकास ने बताया कि 13 नवंबर को ठेकेदार के कर्मचारी गांव पांची जाटान में एक उपभोक्ता का नया कनेक्शन देने पहुंचे थे। इस दौरान गांव के ही एक व्यक्ति ने कनेक्शन नहीं करने दिया। इसके बाद 17 नवंबर को साइट पर पहुंचे कर्मचारी ने बताया कि वहां से तार चोरी हो चुका है। शिकायत में बताया गया कि चोरी की वजह से निगम को लगभग 27 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

### बैंक कर्मियों पर आरोप धोखे से निकाले 3 लाख

**सोनीपत।** भीमनगर सारंग रोड निवासी सुशील कुमार बैंक कर्मियों पर धोखाधड़ी कर चेक के माध्यम से तीन लाख रुपये निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुशील का कहना है कि उन्होंने 2 जुलाई को मंजू रानी से तीन लाख रुपये का चेक लिया था। अगले दिन वह पंजाब नेशनल बैंक में चेक लेकर गए और वहां पर मौजूद कर्मचारियों को चेक दिया। बाद में जब बैंक गए तो बैंक कर्मचारियों ने उसे बताया कि चैक चोरी हो गया है। आरोप है कि बैंक ऑफ बडौदा के कर्मचारियों ने मिलीभगत कर उसके पैसे निकाल लिए हैं।

### कुरुक्षेत्र में शामिल होने खरखौदा से गए लोग



**खरखौदा।** कुरुक्षेत्र में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खरखौदा क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवा, पुरुष व महिलाएं रवाना हुए। रैली में भाग लेने के लिए समर्थक विधायक पवन खरखौदा के कार्यालय पर इकट्ठा हुए। विधायक के पिता आजाद सिंह भौरिया ने वाहनों के काफिले हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नरेश पाराशर, अजय राठौर, अशोक कुमार, हरिओम कौशिक व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

तीन नवंबर को हुआ था डॉक्टर का तबादला, अभी तक किसी ने नहीं संभाली कुर्सी

*निजी क्लीनिकों में जेब हो रही ढीली*

# सिविल अस्पताल में 22 दिन से चरम रोग के डॉक्टर नहीं, हजारों मरीज बेहाल

- डॉ. राघवेंद्र का पानीपत के समालखा स्थानांतरण होने के बाद बढ़ी परेशानी
- ओपीडी पर्ची बनवाने के बाद अस्पताल से वापस भेजे जा रहे हैं मरीज

*अस्पताल ओपीडी में करीब 1300 मरीज आते हैं, इनमें 250 चरम रोग से संबंधित होते हैं*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर आश्रित हजारों चर्म रोगियों के लिए नागरिक अस्पताल में पिछले 22 दिनों से मुफ्त इलाज की सुविधा ठप पड़ी है। अस्पताल में 3 नवंबर को चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. राघवेंद्र का पानीपत के समालखा स्थानांतरण हो जाने के बाद से सरकार ने उनके स्थान पर किसी अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति नहीं की है। विशेषज्ञ की अनुपस्थिति के कारण, जिले के गरीब और मध्यम वर्ग के चर्म रोगी अब अपनी बीमारी का उपचार कराने के लिए निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में भारी भरकम फीस चुकाने के लिए मजबूर हैं। वर्तमान में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण दाद, खुजली और त्वचा संबंधी अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। जिला नागरिक अस्पताल में पहले रोजाना 250 से अधिक चर्म रोगियों की ओपीडी होती थी। यह संख्या स्पष्ट करती है कि जिले की एक बड़ी आबादी मुफ्त सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर है। अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को ओपीडी पर्ची बनवाने के बाद यह कहकर वापस भेज दिया जा रहा है कि अस्पताल में कोई चर्म रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीजों को मजबूरी में बाहर जाकर उपचार कराना पड़ रहा है, जिससे उनकी जेब ढीली हो रही है और इलाज में अनावश्यक देरी हो रही है।

### सरकार जल्द करे नियुक्ति




अस्पताल में मरीजों का कहना है कि डॉक्टर नहीं हैं तो हम क्या करें? बाहर निजी क्लीनिक वाले एक बार के देखने के ही सैकड़ों रुपये ले रहे हैं, जबकि सरकारी अस्पताल में दवा भी मुफ्त मिलती थी। सरकार जल्द से जल्द डॉक्टर की नियुक्ति करे ताकि गरीब लोगों को राहत मिल सके।

### विभाग को पत्र भेजा गया है

अस्पताल प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति के संबंध में स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजा जा चुका है। हालांकि, करीब तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से इस अति महत्वपूर्ण पद पर कोई नियुक्ति नहीं की गई है। लोगों ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से तुरंत प्रभाव से नागरिक अस्पताल में एक स्थायी चर्म रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति करने की मांग की है ताकि प्रदूषण के इस दौर में त्वचा रोगों से जूझ रहे मरीजों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

### लंबे समय से अस्थिर रही है कुर्सी

नागरिक अस्पताल में चर्म रोग विशेषज्ञ की कुर्सी लंबे समय से अस्थिर रही है। मौजूदा स्थिति से पहले, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. राघवेंद्र सिंह इसी साल मार्च में पानीपत से स्थानांतरण होकर आए थे। उनसे पहले डॉ. राजेश सिंघल यहां चर्म रोग विशेषज्ञ थे, जिन्हें सरकार ने जुलाई 2024 में एसएमओ (सीनियर मेडिकल ऑफिसर) पद पर पदोन्नत किया था। पदोन्नति के बाद उनकी नियुक्ति सीएचसी जुआं में कर दी गई थी। हालांकि, मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए वह मार्च 2025 तक जिला नागरिक अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन ओपीडी लगाते रहे थे। मार्च में डॉ. राघवेंद्र सिंह की नियुक्ति होने के बाद डॉ. राजेश सिंघल ने नागरिक अस्पताल में ओपीडी लगाना बंद कर दिया था। अब डॉ. राघवेंद्र के भी 3 नवंबर को चले जाने से चर्म रोग विभाग पूरी तरह से खाली हो गया है।

---

*सेक्टर-12 टी-प्वाइंट पर रफ्तार और दबंगई का तांडव*

# स्कूटी सवार को समझाना पड़ा भारी, विवाद के बाद चलाई गोली, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-12 टी-प्वाइंट पर रविवार देर रात हाईवे जैसी तेज रफ्तार और दबंगई का मामला सामने आया है, जिसमें स्कूटी सवार एक युवक को बाइक सवारों को समझाना महंगा पड़ गया। मामूली बात पर तकरार बढ़ी और देखते ही देखते एक युवक ने गोली चला दी। घटना में शाहिद नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर मंगलवार देर शाम एक को गिरफ्तार कर लिया है। खान कॉलोनी निवासी शाहिद ने पुलिस को बताया कि वह पेंटर का कार्य करते हैं। रविवार रात करीब 11:30 बजे वे अपने दोस्त पटेल नगर निवासी शारूख को स्कूटी पर बैठाकर घर छोड़ने जा रहे थे। सेक्टर-12 टी-प्वाइंट पर पहुंचते ही तेज रफ्तार में आई अपाचे बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनकी स्कूटी की साइड दबा दी। शाहिद और शारूख बड़ी मुश्किल से गिरने से बचे। इसके बाद उन्होंने आगे जाकर स्कूटी रोकी, वहीं बाइक सवार भी थोड़ी ही दूरी पर रुक गए।

- घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल

### दूसरों को जल्द पकड़ेंगे

युवक को गोली मारकर घायल किए जाने की जानकारी मिली थी। घायल के बयान पर एक नामजद सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य हमलावरों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

*- इंस्पेक्टर सवित, थाना प्रभारी, सेक्टर-27 सोनीपत*

### युवकों ने मारपीट भी की

शाहिद के अनुसार जब उन्होंने शांतिपूर्वक बात कर स्थिति को समझाने का प्रयास किया, तो बाइक सवार युवक उग्र हो गए। तीनों ने पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक ने अचानक पिस्तौल निकाल ली और शाहिद पर गोली चला दी। गोली लगते ही शाहिद सड़क पर गिर पड़ा।जिसके बाद तीनों हमलावर मौके से भाग निकले। घायल शाहिद को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गंभीर स्थिति को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। परिजनों ने बाद में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। शाहिद ने आरोप लगाया कि हमलावरों में श्रीनगर कॉलोनी निवासी अरमान और उसके दो साथी शामिल थे।

---

### सीमेंट एसोसिएशन ने ग्रैप-3 में निर्माण पर बंदिश हटाने की मांग उठाई

**सोनीपत।** दिल्ली-एनसीआर में लागू ग्रैप-3 के तहत गैर-जरूरी निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध जारी है, जबकि सरकारी और आवश्यक सेवाओं से जुड़े कार्यों को छूट दी गई है। इसी स्थिति को देखते हुए सोनीपत सीमेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी संजय सिंगला ने सरकार से कंस्ट्रक्शन पर लगी बंदिश तुरंत हटाने की मांग की है। संजय सिंगला का कहना है कि कंस्ट्रक्शन रुकने से मजदूर, मिस्त्री, ड्राइवर, ठेकेदार और निर्माण सामग्री से जुड़े व्यापारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। निजी निर्माण पूरी तरह रोककर सरकारी कार्य जारी रखना दोहरा मानदंड है, जिससे कई प्रोजेक्ट समय-सीमा से बाहर हो रहे हैं और ठेकेदारों पर जुर्माना लग रहा है। लोन लेकर निर्माण कर रहे लोगों पर ब्याज का अतिरिक्त बोझ भी बढ़ रहा है। कार्य रोकना समाधान नहीं है। इसके लिए वैज्ञानिक विकल्प अपनाएं।

- सदस्य बोले प्रतिबंध से मजदूरों और व्यापारियों पर आर्थिक बोझ

## धरे रह गए एसडीएम के आदेश अस्पताल के बाहर अवैध पार्किंग



गन्नौर। उपमंडल अस्पताल के गेट के बाहर अवैध रूप से खड़ी गाड़ियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

उपमंडल अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर अवैध पार्किंग की समस्या लगातार बनी हुई है। एसडीएम के स्पष्ट आदेशों के बावजूद भी यहां अवैध रूप से वाहन लगातार पार्क किए जा रहे हैं। जिससे मरीजों और उनके परिवार वालों को अस्पताल में आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंभीर हालात के मरीजों को अस्पताल मे लेकर आने वाली एंबुलेंस भी कई बार इसी अवैध पार्किंग में फंस जाती है, जिससे उपचार में देरी होने से जान का खतरा बना रहता है। पिछले दिनों उपमंडल अधिकारी नागरिक प्रवेश कादियान ने उपमंडल अस्पताल का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया था। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. टीना आनंद ने एसडीएम प्रवेश कादियान के सामने यह समस्या रखी थी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की शिकायत पर एसडीएम ने गन्नौर पुलिस को गलत तरीके से लगाई जाने वाली गाड़ियों को हटवाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके, अब तक पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। अस्पताल प्रबंधन ने जल्द से जल्द अस्पताल परिसर को नो-पार्किंग जोन घोषित कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### थार ने दो वाहनों को मारी टक्कर, हादसे में गंगेसर के युवक की जान गई

**गोहाना।** महम रोड स्थित बिजलीघर के निकट तेज रफ्तार थार गाड़ी ने पहले बाइक और उसके बाद ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार गांव गंगेसर के रोहित की मौत हो गई जबकि उसका साथी साहिल घायल हो गया। ट्रैक्टर का चालक व उसका सहयोगी भी घायल हो गए। शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके थार के चालक को गिरफ्तार कर लिया। गांव गंगेसर का रोहित सब्जी मंडी में आढ़ती के पास काम करता था। सोमवार रात को रोहित गांव के साथी साहिल के साथ बाइक पर गोहाना में शादी समारोह में शामिल होने आया था। जब वे शहर में महम रोड स्थित बिजलीघर के निकट पहुंचे तो विश्वकर्मा चौक की तरफ से तेज रफ्तार में थार गाड़ी आई और सीधी बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद थार ने सामने से आ रहे ट्रैक्टर में टक्कर मारी। इससे बाइक और ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गए।

- महम रोड स्थित बिजलीघर के निकट बाइक व ट्रैक्टर को मारी टक्कर

---

*एसडीएम नागर ने किया औचक निरीक्षण*

## बिजली निगम में जेई की नहीं थी हाजिरी, कई अनुपस्थित मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने मंगलवार को खरखौदा बिजली कार्यालय, खंड शिक्षा कार्यालय और आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिजली निगम में सबसे अधिक अनियमितताएं पाई गई। एसडीएम ने पाया कि मूवमेंट रजिस्टर को विधिवत तरीके से व्यवस्थित नहीं किया गया है। कई कनिष्ठ अभियंताओं की हाजिरी के खाने खाली मिले। जबकि कुछ कर्मचारियों की उपस्थिति लंबित पाई गई। कुछ कर्मचारी बिना अनुमति अनुपस्थित थे और कई स्थानों पर गोल-लाइन लगाकर हाजिरी दर्ज की गई थी। हाजिरी रजिस्टर में मिली गड़बड़ियों पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई।

कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। नियमों के मुताबिक लगाए जाने वाले सूचना पट्ट भी वहां नहीं मिले, जिससे कार्यालय प्रशासन में लापरवाही स्पष्ट दिखाई दी। एसडीएम ने सभी खामियों को गंभीर मानते हुए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत नोट तैयार कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



खरखौदा। रिकॉर्ड की जांच पड़ताल करते एसडीएम डॉ. निर्मल नागर।

### खंड शिक्षा कार्यालय में भी खामियां मिली

खंड शिक्षा कार्यालय में भी दस्तावेजों के रख-रखाव और उपस्थिति से जुड़ी कई कमियां मिलीं, जिन पर चेतावनी दी गई। इसके साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में जो खामियां सामने आईं, उन्हें तत्काल दूर करने के आदेश दिए गए। एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और उत्तरदायी कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

**नुकसान : पानी छोड़ते ही रोहतक डिस्ट्रीब्यूट्री की पटरी टूटी**

# 35 एकड़ में फसलें जलमग्न, किसानों में चिंता

- किसानों से खुद करवाई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सिंचाई विभाग द्वारा पानी छोड़ते ही रोहतक डिस्ट्रीब्यूट्री टूट गई। इससे रोहतक-पानीपत हाईवे के साथ लगभग 35 एकड़ में फसलें जलमग्न हो गईं। किसानों ने फसल में नुकसान की संभावना जताई। मशीन मंगवाकर मिट्टी डालकर डिस्ट्रीब्यूट्री की मरम्मत कराई गई।

सिंचाई विभाग द्वारा सोमवार की रात को रोहतक डिस्ट्रीब्यूट्री में पानी छोड़ दिया। इससे जलघरों के तालाबों को भरा जाना था। मंगलवार सुबह गांव माहरा, गुढ़ा व शहर के किसान खेतों में गए तो रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित पंखा फैक्ट्री के निकट डिस्ट्रीब्यूट्री की पटरी टूटी मिली। यहां से खेतों में पानी बह रहा था। किसान विजयपाल, चंदराम, नान्हा, राजपाल ने बताया कि लगभग 35 एकड़ में फसल जलमग्न हो गई। अधिकतर किसानों ने एक सप्ताह के भीतर में गेहूं की बिजाई की थी। कुछ किसानों द्वारा गेहूं की बिजाई की तैयारी की जा रही थी। अब पानी भरने से जिन खेतों में बिजाई की गई है, उनमें नुकसान की संभावना है। कुछ किसानों को जमीन सूखने को इंतजार करना पड़ेगा। किसानों ने बताया कि जेई के पास फोन किया तो दो कर्मचारी भेज दिए गए लेकिन मशीन नहीं भेजी। किसानों ने स्वयं मशीन मंगवाकर पटरी की मरम्मत कराई।



गोहाना। डिस्ट्रीब्यूट्री की पटरी टूटने से खेतों में बहता पानी



गोहाना। फसल जलमग्न होने से चिंतित किसान।

### किसान बोले- दोबारा करनी पड़ेगी बिजाई

*कुछ किसानों ने हाल ही में गेहूं की फसल की बजाई की थी। किसानों ने कहा कि अब फसल में पानी भरने से किसानों को दोबारा से बिजाई करनी पड़ेगी। इससे किसानों को दोहरा नुकसान होगा। एक तो जब तक पानी सूखेगा तब तक गेहूं की बिजाई को बहुत देर हो जाएगी जिससे पैदावार कम होगी। दूसरे दोबारा से बिजाई करने पर किसानों पर आर्थिक बोझ भी पड़ेगा। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए और मुआवजे का भी प्रबंध करे। किसानों को नुकसान हुआ है।*

---

## 1.63 करोड़ की धोखाधड़ी में दूसरा आरोपित पकड़ा

- गुरुग्राम के व्यक्ति से पेट्रोल पम्प लगवाने के नाम पर ठगे थे रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के थाना बहालगढ़ की पुलिस ने पैट्रोल पम्प लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर करोड़ो रुपये ऐठने की घटना में संलिप्त दूसरे आरोपित को प्रोड्क्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी धीरेन्द्र उर्फ टोनी निवासी बढ़खालसा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 6 सितम्बर को अमित निवासी लक्ष्मण विहार, गुरुग्राम ने थाना बहालगढ़ में शिकायत दी थी। शिकायत में उसने बताया कि उसकी खरखौदा जिला सोनीपत में जमीन है जिस पर मुकदमा चला हुआ है। जिस बाबत एक वकील रविन्द्र उसके सम्पर्क में था। जिसने उसे सुशील नाम के व्यक्ति से मिलवाया था। सुशील ने उसे पेट्रोल पंप लगवाने का झांसा देते हुए जज से काम करवाने की बात कही। इस संदर्भ में चंडीगढ़ में सोमबीर नाम के व्यक्ति से भी मिलवाया था। अमित ने आरोप लगाया कि अलग अलग दिनों में 79 लाख 50 हजार रुपये नकद और 84 लाख रुपये खाते से ट्रांसफर करवाए गए। बाद में पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है। अमित के अनुसार उसके साथ 1 करोड़ 63 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई है।

### दो दिन के रिमांड पर

थाना बहालगढ़ की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक सुरजीत ने टीम के साथ आरोपित सुशील को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब दूसरे आरोपित धीरेन्द्र गिरधारी लाल निवासी बढ़खालसा जिला सोनीपत को प्रोड्क्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेशकर दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style

# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।



# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक*** : फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।



***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान*** : साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर*** : 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।

***जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी*** : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेताोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल ज़ोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** : *धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** : *धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** : *ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** : *फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** : *मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** : *'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## खबर संक्षेप



### राजकीय कालेज में हर्बल बॉटनिकल गार्डन स्थापित

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में एनएसएस इकाई द्वारा चलाई गई परियोजना के तहत हर्बल बॉटनिकल गार्डन पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया। इस अनूठी पहल के लिए मार्गदर्शन ग्रीन मैन के नाम से विख्यात देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत से प्रो. दलजीत कुमार का रहा। प्रो. दलजीत कुमार ने इस परियोजना के सफल समापन के लिए निजी सहयोग दिया और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि यह हर्बल बॉटनिकल गार्डन विद्यार्थियों के लिए प्रत्यक्ष अध्ययन व ज्ञान का स्रोत बनेगा। प्राचार्य ने एनएसएस टीम, स्वयंसेवकों तथा परियोजना में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों की सराहना की और कहा कि इस प्रयास से महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति भावना प्रबल होगी। एनएसएस प्रभारी साहिल सभरवाल के अनुसार विद्यार्थियों ने पौधों के चयन, रोपण, रखरखाव व उद्यान की संरचना में सक्रिय भागीदारी निभाई। सामूहिक परिश्रम व अनुशासन से यह परियोजना समय पर पूर्ण हुई और अब यह उद्यान शैक्षिक गतिविधियों के लिए उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम में पानीपत से पहुंचे कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप कल्याणी व नवनीत कुमार ने भी इस परियोजना में अपना सहयोग देकर उद्यान के निर्माण में मदद की।

## विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली में प्रो कबड्डी लीग का 12वां सीजन

# प्रो कबड्डी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर तरुण का अभिनंदन

धनाना ने खिलाड़ी को 51 हजार नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया



**गोहाना।** उदीयमान खिलाड़ी तरुण को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित करते हुए पं. अनिल धनाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

शिवनगरी धनाना के उदीयमान खिलाड़ी तरुण पुत्र अनिल ढुल द्वारा प्रो कबड्डी लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ग्रामीण फूले नहीं समा रहे हैं। मंगलवार को ग्रामीणों ने अपने इस लाडले खिलाड़ी का गांव स्थित व्यायामशाला में नागरिक अभिनंदन किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. अनिल धनाना थे। आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम, राजस्थान के जयपुर, तमिलनाडू के चेन्नई और दिल्ली में प्रो कबड्डी लीग का 12वां सीजन आयोजित हुआ, जिसमें देश के दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का दम दिखाया। खेलों में शिवनगरी धनाना के खिलाड़ी तरुण ढुल ने अपनी खेल प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। वे रोहतक स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में कोच दिनेश खरब के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं। मंगलवार को गांव लौटने पर ग्रामीणों द्वारा उनका फूलों की मालाएं पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया। समारोह के मुख्य अतिथि कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. अनिल धनाना ने खिलाड़ी को 51 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। समारोह में खिलाड़ी के दादा चांदराम ढुल, ताऊ रिजक राम ढुल, चाचा सुनील ढुल, पंचायत समिति कथूरा के उप चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश उर्फ नान्हा ढुल, मास्टर जय भगवान ढुल, पहलवान वजीर सिंह, राजल, रामकिशन, मास्टर ओम प्रकाश, रणबीर ढुल, दलबीर और सोनू नंबरदार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ी को अपना आशीर्वाद दिया।

### मेहनत कभी विफल नहीं जाती

मुख्य अतिथि कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. अनिल धनाना ने गांव के युवाओं को खेलों में कॅरियर निर्माण की प्रेरणा दी। वे बोले कि आज खेलों में कॅरियर निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। युवा मन लगाकर पढ़ाई करें और साथ में अपनी पसंद के किसी खेल का चुनाव करके उसमें खूब मेहनत करें। जीवन में की गई मेहनत कभी विफल नहीं जाती।

## अस्मिता रग्बी लीग में अंडर-15 में पानीपत की टीम अव्वल रही




**गोहाना।** विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि प्रदीप सांगवान व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

सोनीपत रग्बी संघ द्वारा गांव बुटाना स्थित जनता शिक्षण संस्थान में खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग आयोजित की गई। अंडर-12, अंडर-15, अंडर-18 एवं सीनियर वर्ग में सोनीपत, पानीपत, कैथल, जींद एवं हिसार की बालिकाओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शुभारंभ जनता शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष अजीत सिंह सांगवान ने किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा की राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सांगवान ने विजेता खिलाडियों को पदक एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया।

सोनीपत रग्बी संघ के सचिव नरेंद्र सिंह मोर बताया कि अंडर-12 में जींद की टीम प्रथम रही। अंडर-15 में पानीपत की टीम प्रथम, एसडी स्कूल हिसार की टीम द्वितीय एवं जनता विद्या भवन बुटाना सोनीपत की टीम तृतीय रही। अंडर-18 में एससीएफ हिसार की टीम प्रथम, एसडी स्कूल हिसार की टीम द्वितीय और कैथल की टीम तृतीय रही। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर ग्लैडिएटर रग्बी क्लब पानीपत, द्वितीय हिसार एससीएफ एवं तृतीय स्थान पर पानीपत की टीम रही। इस मौके पर संस्थान के सचिव रामनिवास सांगवान, सह सचिव कृष्ण सांगवान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुंडू, कोच जगबीर, प्राचार्य मनोज सिंह, बबीता सिंह, रविंद्र मोर, सोनू, जसवंत सिंह। मुख्य अतिथि प्रदीप सांगवान ने कहा कि वे संस्था और रग्बी खेल के खिलाडियों एवं संघ को सरकार से हर संभव सहायता मुहैया करवाने का प्रयास करेंगे। प्रतियोगिता मुनीत बेरवाल, सोनिया साहू, राहुल सांगवान, सागर, विजय मलिक, ईशा शर्मा, जोगेंद्र, देवेंद्र, राजेंद्र सैनी व कुलदीप की देखरेख में संपन्न हुई।

## जूडो प्रतियोगिता में विजेता व तनु ने जीता कांस्य पदक

**गोहाना।** हरियाणा राज्य स्तरीय वरिष्ठ जूडो प्रतियोगिता में ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां की जूडो प्रशिक्षण अकादमी की दो खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मंगलवार को दोनों पदक विजेता खिलाड़ियों को स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने पुरस्कृत करने के साथ अपना आशीर्वाद दिया। करनाल में वरिष्ठ वर्ग की हरियाणा राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता करके अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में ग्लोबल पब्लिक स्कूल की जूडो प्रशिक्षण अकादमी की खिलाड़ी विजेता जांगड़ा ने 70 किलोग्राम भारवर्ग और तनु ने 57 किलोग्राम भारवर्ग में तृतीय स्थान पर प्राप्त करके कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने स्कूल व खेल अकादमी में खुशी का माहौल है।



**गोहाना।** विजेता खिलाड़ी अपने कोच के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

# थाना खुर्द में चलाया ग्रामीण सशक्तीकरण कार्यक्रम

- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास को गति देना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट- निफ्टेम द्वारा 19 से 27 नवंबर तक खरखौदा उपमंडल के गांव थाना खुर्द में ग्रामीण गोद ग्राम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास को गति देना, सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना तथा ग्रामीणों की आजीविका को सुदृढ़ करना रहा। डॉ. सारिका, डॉ. तान्या तथा सह-संयोजक चिराग के मार्गदर्शन में निफ्टेम के उत्साही छात्र-स्वयंसेवकों -आकाश, अमन, अजय, आदित्य, रिया, निर्मला, दिशा, मल्हार, रिया, कौशिकी, रिया, किसलय व अक्साह ने अनेक उपयोगी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें जैविक खेती के आधुनिक तरीके, मशरूम उत्पादन की तकनीक तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्त गठन एवं संचालन पर विस्तृत प्रशिक्षण शामिल रहा।



**खरखौदा।** महिलाओं को प्रशिक्षित करती निफ्टेम टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### करियर काउंसलिंग सत्र

टीम ने गाँव के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों हेतु करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किए। इन सत्रों में फूड टेक्नोलॉजी, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग तथा संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों की विस्तार से जानकारी दी गई। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्रामवासियों के साथ मिलकर एक प्रभावी स्वच्छता रैली भी निकाली गई। जिसमें स्वच्छता, व्यक्तिगत हाइजीन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता उत्पन्न की गई। निफ्टेम, कुंडली की ये पहल ग्रामवासियों विशेषकर महिलाओं व युवाओं में न केवल नई उम्मीद जगाने में सफल हो रही है, बल्कि संस्थान और गोद ग्राम के बीच दीर्घकालिक एवं सार्थक जुड़ाव को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है।

### श्री गोपाल कीर्तन मंदिर में श्री राम विवाहोत्सव

**सोनीपत।** श्री गोपाल कीर्तन मंदिर में फीनी देवी सूरज भान चैरिटेबल ट्रस्ट ने श्री राम विवाहोत्सव का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में माता जानकी और उनकी बहनों तथा श्री राम और उनके भाईयों का आकर्षक स्वरूप प्रस्तुत किया गया। मां सरस्वती पब्लिक स्कूल दहिसरा सोनीपत के विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में स्वामी दयानंद सरस्वती व महामंडलेश्वर सीता राम जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि श्री राजीव अग्रवाल ने श्री राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कुंडली सोनीपत से आए रोहताश शर्मा ने मनभावन भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया। मंच संचालन बहन डॉ. निहारिका अरोड़ा ने किया। ट्रस्ट की संरक्षिका बहन रेखा ने श्रीराम के जीवन से समरसता और सद्भाव सीखने पर बल दिया।

# छात्रों को डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स के मौलिक सिद्धांतों बारे किया प्रशिक्षित

- जीवीएम में बीसीए विद्यार्थियों के लिए डिजिटल सर्किट एवं मेमोरी पर दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कार्यशाला के दौरान छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

ई-लर्निंग सेल और फिजिक्स विभाग (पीजी) के संयुक्त तत्वावधान में बीसीए छात्रों के लिए 'लॉजिक टू सिस्टम' के तहत डिजिटल सर्किट एवं मेमोरी पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई दी। कार्यक्रम की संयोजक ई-लर्निंग सेल की कन्वीनर मीनू सुखीजा रहीं, जबकि कार्यशाला में फिजिक्स विभाग (पीजी) की विभागाध्यक्ष एवं संसाधन व्यक्ति सोनम राय ने तकनीकी सत्रों का संचालन किया। कार्यशाला में छात्रों को डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स के मौलिक सिद्धांतों से लेकर उन्नत अवधारणाओं तक का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। विद्यार्थियों ने कॉम्बिनेशनल और सीक्वेंशियल लॉजिक, सर्किट डिजाइन, ट्रुथ टेबल निर्माण, तथा विभिन्न सिमुलेशन टूल्स की मदद से वास्तविक सर्किटों की जांच-पड़ताल का अनुभव प्राप्त किया।



**गोहाना।** शिविर में रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते संत-महात्मा एवं आयोजक।

### तीन महिलाओं समेत 39 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** गांव बिचपड़ी स्थित बाला जी मंदिर में मंगलवार को रक्तदान शिविर एवं भंडारा आयोजित किया गया। शिविर में 3 महिलाओं समेत 39 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। कार्यक्रम का मार्गदर्शन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत स्वीटी का रहा। यह कार्यक्रम गांव बिचपड़ी के सरपंच प्रतिनिधि जसबीर सिंह के सानिध्य में आयोजित हुआ। आयोजक समिति में अन्नू, नंदिनी और अंजलि शामिल रहे। संयोजन विक्रम सिंह का रहा। रक्तदान शिविर में तीन महिला रक्तदाताओं में ओमपति, सोनिया रोहिल्ला और मुकेश रानी ने रक्तदान किया। विशेष रक्तदाताओं में दो सगे भाइयों में जोगेंद्र पूनिया और कृष्ण पूनिया ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। नियमित रक्तदाताओं में जितेंद्र पूनिया, परविंद्र, प्रवीन पूनिया, बिजेन्द्र, विकास, संदीप, नारायण सिंह और प्रवीन शामिल रहे। शिविर में चंचल सिंह, कृष्ण, राजेश और मोहित ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

# प्राइमरी शिक्षकों को नई लर्निंग बेस्ड टीचिंग पर दिया प्रशिक्षण

- बच्चों की सीखने की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** एस-7 में आयोजित कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी एवं स्टाफ।

सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) में प्राइमरी वर्ग के शिक्षकों के लिए नई लर्निंग बेस्ड पद्धति पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, भागीदारीपूर्ण और अनुभवात्मक बनाना था। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को बताया कि हैंड-टूल्स, टीचिंग एड्स, एक्टिविटी मटेरियल और इंटरएक्टिव लर्निंग तकनीकों का उपयोग करके बच्चों को व्यावहारिक तरीके से कैसे पढ़ाया जा सकता है। न्यू लर्निंग बेस्ड मॉडल के तहत शिक्षकों को ऐसी गतिविधियां सिखाई गईं, जिनसे विद्यार्थी स्वयं सीखने और समझने के लिए प्रेरित होते हैं। इसमें बताया गया कि लर्निंग किट्स और हैंड-टूल्स की मदद से गणित, भाषा व पर्यावरण अध्ययन जैसे विषय बच्चों के लिए सरल और मनोरंजक बन सकते हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस प्रशिक्षण से शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि होगी और विद्यार्थियों की सीखने की गुणवत्ता भी बेहतर बनेगी।

### दीनबंधु छोटू राम पर 18वां स्मृति व्याख्यान

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में दीनबंधु छोटू राम पर 18वां स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. प्रकाश सिंह ने की और मुख्यवक्ता डा. निर्मल खंडेलवाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. सिंह और मुख्यवक्ता द्वारा दीनबंधु छोटूराम के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी भी रखी गई, जिसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। अपने संबोधन में प्रो. सिंह ने कहा कि दीनबंधु छोटू राम की सोच ने भारत के सामाजिक ढांचे को नई दिशा दी और विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने विकसित भारत 2047 के संकल्प को उनकी विरासत का विस्तार बताया।

मुख्यवक्ता डा. खंडेलवाल ने कहा कि दीनबंधु छोटू राम किसानों और गरीबों के सच्चे हितैषी थे।

# बच्चों का स्वास्थ्य मूल्यांकन कर आवश्यक परामर्श दिए




**सोनीपत।** शिविर के दौरान बच्चों के साथ ट्रस्ट व क्लब के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

- मानव सेवा ट्रस्ट व रोटरी क्लब सोनीपत द्वारा किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मानव सेवा ट्रस्ट, सोनीपत द्वारा रोटरी क्लब सोनीपत के सहयोग से उड़ान एनजीओ के 25 विशेष बच्चों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर एवं नेत्र-जांच शिविर का सफल आयोजन आज ट्रस्ट के फिजियोथेरेपी एवं एक्यूप्रेशर सेंटर, एलजीएफ, यूनिक मॉल, मुरथल रोड पर किया गया। शिविर का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को प्रारम्भिक स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक जांच तथा उपयुक्त थैरेपी उपलब्ध कराना था। डॉ. अश्वनी मलिक, डॉ. प्रिया, डॉ. धीरेन्द्र और थैरेपिस्ट घनश्याम शर्मा ने बच्चों का स्वास्थ्य मूल्यांकन कर आवश्यक परामर्श एवं थेरेपी सुझाव प्रदान किए। कार्यक्रम संचालन रोटरी क्लब सदस्यों मेघा देवान एवं टेसू अलख ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक, स्वयंसेवक, रोटेरियन और मानव सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें राकेश शर्मा, महिंदर वशिष्ठा, राकेश मल्होत्रा, राज कुमार, रजत डोडा, साक्षी गर्ग, रीमा सेठ, महिमा चुघ, कनिका, पूनम, हेम बंसल, युवराज कालरा, डीके जैन, कपिल, जातिन आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुमीत अलख, रोटरी क्लब सोनीपत के अध्यक्ष रोटेरियन रजत डोडा ने सभी डॉक्टरों, स्वयंसेवकों, अभिभावकों और रोटेरियन सदस्यों का धन्यवाद किया।

## कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्रतियोगिता का सफल आयोजन

# स्टार रीडर चैलेंज प्रतियोगता में मानसी ने पाया अव्वल स्थान

*तनु दहिया ने द्वितीय और प्रीति व सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



**खरखौदा।** स्टार रीडर चैलेंज प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन में तथा डॉ. किरण सरोहा की अध्यक्षता में महाविद्यालय की लाइब्रेरी समिति के सदस्यों डॉ. शालिनी, डॉ. सीमांत और डॉ. नमिता द्वारा स्टार रीडर चैलेंज का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगता में 21 छात्राओं ने भाग लिया। घोषित परिणाम के अनुसार मानसी ने प्रथम, तनु दहिया ने द्वितीय और प्रीति व सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में पठन-पाठन की आदत को प्रोत्साहित करना, ज्ञान-वर्धन हेतु प्रेरित करना तथा पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करना था। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने पुस्तकों के चुनिंदा अंशों का प्रभावशाली, भावपूर्ण और अभिव्यंजक शैली में वाचन प्रस्तुत किया। उनकी स्वर-अभिव्यक्ति, उच्चारण, प्रवाह और भाव-सम्प्रेषण के आधार पर विजेताओं का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का मूल्यांकन प्रोफेसर प्रोमिला द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ने की आदत न केवल ज्ञान का विस्तार करती है, बल्कि विचारों को समृद्ध कर व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने छात्राओं को नियमित अध्ययन और पुस्तकालय संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रेरित किया।

### पढ़ने की आदत विकसित करें

कार्यक्रम के अंत में डॉ. किरण सरोहा ने पुस्तक पठन के महत्व पर अपने विचार साझा किए और ऐसे कार्यक्रमों को अपने बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों को पुस्तकों से जोड़ने और ज्ञान के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए अधिक से अधिक पढ़ने की आदत विकसित करने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### 400 मीटर दौड़ में रिया ने पाया प्रथम स्थान

**गोहाना।** जवाहर लाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना के वार्षिक खेलोत्सव के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। कोच युकेश दत्त और डीपी सोनू शर्मा ने खिलाड़ियों की प्रतिभा परखी। अंडर-11 वर्ग में 400 मीटर लड़कियों की दौड़ में रिया प्रथम, यशवी द्वितीय और इशिका तृतीय रहीं। लडक़ों में वैभव प्रथम, पूर्व द्वितीय और यक्ष तृतीय रहे। 100 मीटर दौड़ में लड़कियों में त्रिप्ती, श्रुति और कौशल, लडक़ों में रमन, नक्ष और आयान क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-11 हर्डल दौड़ में लडक़ों में जतिन प्रथम, वंस द्वितीय और कुशल तृतीय जबकि लड़कियों में गुंजन प्रथम, हार्दी द्वितीय और प्रीति तृतीय रही। अंडर-11 लंबी कूद में लडक़ों में शिवांश प्रथम, ऋषभ द्वितीय और तनिष तृतीय रहे। लड़कियों में छवि प्रथम, रिधि द्वितीय और सगुन तृतीय स्थान पर रही। कबड्डी में अंडर-14 श्रेणी में कार्तिक, प्रिंस, आयुष, आदित्य, भारत, हिमांशु और दिपांशु की टीम विजेता रही।

## लगातार 300 से अधिक था एक्यूआई, हवाओं ने किया कम

# 16 दिन बाद सोनीपत को प्रदूषण से मिली मामूली राहत

*मौसम में बढ़ रही ठंडक, तापमान में भी दर्ज की गई है हल्की गिरावट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

सोनीपत में वायु प्रदूषण के लगातार बिगड़ते हालात के बीच आखिरकार 16 दिनों के बाद पहली बार मामूली राहत महसूस की गई है। प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' (लाल ज़ोन) से नीचे उतरकर 'खराब' (संतरी ज़ोन) श्रेणी में आ गया है। मंगलवार को जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 291 दर्ज किया गया, जबकि पिछले 15 दिनों से यह लगातार 300 या उससे अधिक 'अति खराब' श्रेणी में दर्ज किया जा रहा था, जिसने स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा कर दी थीं। यह बदलाव मुख्य रूप से हवा की दिशा में हुए परिवर्तन के कारण आया है। पिछले कुछ दिनों से पूर्वी हवा चलने से प्रदूषक तत्वों के फैलाव में कुछ मदद मिली है, जिससे स्थानीय लोगों को जहरीली हवा से कुछ हद तक सांस लेने में आसानी हुई है। हालांकि, एक्यूआई का 291 पर होना अब भी चिंताजनक है और यह 'खराब' श्रेणी में आता है, जिसका अर्थ है कि संवेदनशील लोगों को सांस लेने में दिक्कतें हो सकती हैं।

**शहर का दृश्य**



### बूंदाबांदी का इंतजार : पश्चिमी विक्षोभ से उम्मीद

प्रदूषण से स्थायी और महत्वपूर्ण राहत के लिए अब मौसम वैज्ञानिकों की निगाहें बूंदाबांदी पर टिकी हैं। पूर्वानुमान के अनुसार, 27 नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिसके कारण जिले के कुछ हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। यह संभावित वर्षा वायुमंडल में जमे हुए धूल कणों और प्रदूषकों को ज़मीन पर बिठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जिससे वायु गुणवत्ता में बड़ा सुधार आ सकता है। फिलहाल, नमी और ठंड के कारण हवा में प्रदूषक तत्व नीचे की परतों में जमे रहते हैं। ऐसे में, पश्चिमी विक्षोभ से प्रेरित होने वाली वर्षा और तेज हवाएँ ही सोनीपत की हवा को 'खराब' से 'मध्यम' या 'संतोषजनक' श्रेणी में लाने में मददगार साबित होंगी।

### न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज

प्रदूषण के स्तर में मामूली सुधार के साथ ही मौसम में ठंडक भी बढ़नी शुरू हो गई है। पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई है, जो मौसम में बदलाव का संकेत है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले सोमवार को अधिकतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस था। अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट और न्यूनतम तापमान के स्थिर रहने से सुबह और शाम की ठंडक अब दिन के समय भी महसूस होने लगी है। मंगलवार को हवा की गति 6 किलोमीटर प्रतिघंटा रही, जो प्रदूषक तत्वों को स्थानीय रूप से कुछ हद तक छितराने में सहायक सिद्ध हुई।

### विशेषज्ञ ने दी सलाह

भले ही एक्यूआई 300 से नीचे आ गया हो, लेकिन 291 का स्तर अब भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। वरिष्ठ चिकित्सक डा. जेएस पूनिया लोगों को सलाह दे रहे हैं कि वे इस दौरान भी विशेष सावधानी बरतें। विशेषतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन रोगों से पीड़ित लोगों को सुबह और शाम के समय घर के अंदर रहने की सलाह दी जाती है। लोगों को घर से बाहर निकलते समय एन95 मास्क का उपयोग करें। घर की खिड़कियां और दरवाज़े बंद रखें और घर के अंदर एयर प्यूरीफायर (यदि उपलब्ध हो) का इस्तेमाल करें।

### कल सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

*पूर्वी हवा चलने से जल्द वातावरण में सुधार हुआ है। एक्यूआई कम हो रहा है। 27 नवंबर को हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। अगर बारिश आती है तो प्रदूषण से बड़ी राहत मिल सकती है।*

*-डॉ.प्रेमदीप, वैज्ञानिक, केवीके सोनीपत*

## 70 किलोग्राम भारवर्ग में दिखाया प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

# समीर ने बॉक्सिंग स्पर्धा में जीता सिल्वर मेडल




**सोनीपत।** साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, कार्यकारी अधिकारी डॉ. ममता सचदेवा व अन्य के साथ पदक दिखाता समीर लाकड़ा।

- साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने किया अभिनंदन, संस्थान प्रबंधन ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

साउथ पॉइंट कॉलेज के बीपीएड प्रथम वर्ष के छात्र समीर लाकड़ा ने अपने दमदार खेल से एक बार फिर संस्थान का नाम रोशन किया है। 22 नवंबर को केएम गवर्नमेंट कॉलेज, नरवाना में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग टूर्नामेंट में समीर ने अंडर-24 आयु वर्ग के 70 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन कर दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वह अब ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाएंगे, जिसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने समीर की उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा कि लगातार मेहनत, फिटनेस और बेहतरीन पंचों की बदौलत समीर फाइनल तक पहुंचे और उपविजेता बनकर उभरे। अब वह ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाने की तैयारी में जुट गए हैं। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने बधाई देते हुए कहा कि समीर ने यह साबित किया है कि लगन और अनुशासन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि समीर ने अपने खेल के दम पर संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि समीर ने अपने वर्ग में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।

# टूटी पाइप लाइन से सड़क पर जलभराव

- नगरपालिका रोड पर एक सप्ताह से टूटी पाइपलाइन, लोगों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

नगरपालिका रोड पर भारत गैस एजेंसी के पास जनस्वास्थ्य विभाग की पेयजल सप्लाई पाइप लाइन पिछले करीब एक सप्ताह से टूटी हुई है। टूटी पाइप लाइन से सप्लाई के समय पानी तेजी से सड़क पर फैल जाता है। इस कारण वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सुबह और शाम की सप्लाई के दौरान सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बहता है। सड़क पर इतना पानी भर जाता है कि ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने इस समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचना दी, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। दुकानदारों का कहना है कि पानी का लगातार बहना न केवल सड़क को खराब कर रहा है, बल्कि इससे पेयजल की भी बर्बादी हो रही है।



**गन्नौर।** पाइप लाइन टूटने के कारण सड़क पर जमा पानी।

## डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड से रहें सावधान

**सोनीपत।** थाना साइबर सोनीपत द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना साइबर सोनीपत की टीम ने सेक्टर 23 सोनीपत मार्केट में आमजन को साइबर सुरक्षा और बचाव उपायों के प्रति जागरूक किया। साइबर एक्सपर्ट्स उप निरीक्षक कृष्ण ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट एक नई ठगी तकनीक है, जिसमें जालसाज वॉट्सऐप वीडियो कॉल के माध्यम से पुलिस या सरकारी अधिकारी का रूप धारण कर लोगों को मानसिक रूप से डराते हैं। वर्दीधारी बनकर ये ठग अनजान नंबर से कॉल करते हैं और किसी परिचित के साथ गंभीर घटना होने का झांसा देकर उनसे पैसे की मांग करते हैं। पुलिस टीम ने नागरिकों को सलाह दी कि वे किसी भी अनजान कॉल पर अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक डिटेल या आधार नंबर साझा न करें। संदेह होने पर तुरंत कॉल काट दें और नंबर ब्लॉक कर दें। निरीक्षक बसंत कुमार ने अपील की कि साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करवाएं।



# गुजरात के लिए 58 सदस्य दल को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राई

मंगलवार को हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात में होने वाली यूनिटी मार्च यात्रा के लिए प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा हरियाणा योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में 58 सदस्य दल को प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा आज जयपुर पहुंचेगी जहां से यह पुष्कर, माउंट आबू से होते हुए करमसद गुजरात पहुंचेगी। वहां पर देश के प्रत्येक जिले से आए हुए युवा एकत्रित होकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए दो दिवसीय पैदल यात्रा करते हुए केवड़िया स्थित स्टैचू ऑफ यूनिटी पर पहुंचकर वल्लभभाई पटेल को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इस यात्रा के दौरान अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां रहेगी, जिसमें कालेज संपर्क, योग अभ्यास, पौधा रोपण एवं सम्मान समारोह सम्मिलित रहेगा। इस यात्रा में सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री भी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री योगेश जठेडी, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप यादव, यात्रा के संयोजक जयदेव नौल्था, सह- संयोजक कुशल ठाकुर, सुनील कपूर, प्रीत जैलदार व सभी जिलों के जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**राई।** प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने गुजरात के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। *फोटो : हरिभूमि*

## राज्यसभा सांसद बिप्लब देब को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**राई ।** भाजपा युवा नेता एवं नगर निगम पार्षद पुनीत राई ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दीं। पुनीत राई ने कहा कि बिप्लब देब सहज, सरल एवं मिलनसार स्वभाव के धनी नेता हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में विकास और सुशासन की नई पहचान स्थापित की। पुनीत राई ने कहा कि बिप्लब देब ने त्रिपुरा राज्य में उल्लेखनीय विकास कार्य किए और संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरियाणा में भी भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में उनका मार्गदर्शन और योगदान अहम रहा है। राई ने कहा कि उनका नेतृत्व एवं अनुभव युवाओं को हमेशा प्रेरणा देता है। राई ने सांसद बिप्लब देब के दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना की।

# खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में स्टैनफोर्ड स्कूल के विद्यार्थी दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरखौदा

थाना खुर्द स्थित स्टैनफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक लेवल पर रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के चेयरमैन उत्सव दहिया ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। प्रिंसीपल संजीत नैन ने कहा कि यह छात्रों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। डायरेक्टर पूजा दहिया ने कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए एक बड़ा सम्मान है और उन्हें आगे भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करने के लिए मेहनत करनी चाहिए। स्कूल में पहुंचने पर विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेता विद्यार्थियों में किंजल, तान्या, हिमांशी, दिशा और दीप शामिल रहे। दिशा और दीप को स्टार परफॉर्मर के रूप में सम्मानित किया गया।




**खरखौदा।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक।

# श्रद्धा से मनाया श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस

*भाषण, कविताओं और नाट्य की दी प्रस्तुति*

- बच्चों को गुरु जी की शिक्षाओं से प्रेरित होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस श्रद्धा से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शांति-प्रदायक शबद-कीर्तन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने भाषण, कविताओं और नाट्य-प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग और मानवता के संदेश को प्रस्तुत किया। स्कूल निदेशक अमित बत्रा ने कहा कि गुरु जी का साहस, निस्वार्थ भाव और धर्म की रक्षा का संदेश आज भी समाज को सही दिशा दिखाता है। निदेशिका डा. सुनीरा जैन और रुचिका बत्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कार और मूल्यों की समझ विकसित होती है। प्राचार्य सुरेंद्र छाबड़ा और उपप्राचार्या दीपमाला ने बच्चों को गुरु जी की शिक्षाओं से प्रेरित होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प दिलाया।




**गन्नौर।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर उपस्थित स्कूल के छात्र।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**कार्यक्रम** गुरु तेग बहादुर के 350 वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

# धर्म परिवर्तन से बचाने के लिए गुरु तेग बहादुर ने चुना बलिदान का रास्ता : मेयर

*सिख समाज ने राजीव जैन को सिरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

धर्म, मानवता, सत्य, शांति तथा कश्मीरी पंडितों को धर्म परिवर्तन से बचाने के लिए गुरु तेग बहादुर ने बलिदान का रास्ता चुना, इसलिए वह पीढ़ी दर पीढ़ी अत्याचार के विरुद्ध अदम्य साहस के प्रतीक एवं धार्मिक स्वतंत्रता के महान संरक्षक के रूप में जाने जायेंगे। उक्त विचार नगर निगम मेयर राजीव जैन ने सेक्टर 15 स्थित गुरूद्वारे में गुरु तेग बहादुर के 350 वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। सिख समाज ने राजीव जैन को सिरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बलजीत सिंह एवं साथी ने शब्द कीर्तन किया और तेग बहादुर की वीरता का बखान किया। राजीव जैन ने कहा कि दुनिया में प्रचलित धारणा है कि जब भी मानवता पर अत्याचार होता है तब मानवता एवं धर्म की रक्षा के लिए कोई अवतार जन्म लेता है, गुरु जी ने ओरंगजेब के जुल्म के खिलाफ खड़े होकर लोगों की रक्षा की और अपना शीश दान कर दिया। उसके बाद जबरन इस्लाम धर्म कबूलने की मुहिम पर ब्रेक लग गए।




**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें मेयर राजीव जैन का स्वागत करते हुए।

### शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में होने वाले समागम में जखोली मंडल से लोग रवाना

**राई।** धर्म, सेवा और मानवता के प्रतीक श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में होने वाले विशाल श्रद्धांजलि समागम में राई हल्के से जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल हल्के के काफी संख्या में लोगों के साथ बस में बैठकर रवाना हुए। जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने रवाना होने से पूर्व संबोधित करते हुए बताया कि झुंडपर से देवेंद्र सरपंच, जगदीशपुर से जितेंद्र सरपंच, जखोली से नवीन, पदम सिंह चौहान जखोली भी रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश की चारों धाम यात्राओं सिरसा, पंचकूला, यमुनानगर और फरीदाबाद से चल रही शहीदी यात्रा के संत-महापुरुष एकत्र होकर विशेष संगत का हिस्सा बनी। कार्यक्रम के दौरान 350 वर्षों से गुरु की वाणी के प्रचार-प्रसार को समर्पित विशेष कीर्तन होगा। साथ ही संतों द्वारा आरती का प्रदर्शन किया। समागम में लंगर की सेवा की। शेखर आंतिल ने कहा कि आज के समय में गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि उनका मार्ग समाज में शांति, भाईचारा और सद्भाव स्थापित करने की प्रेरणा देता है।

### विद्यार्थियों ने जयपुर में की शैक्षणिक यात्रा

**राई।** रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल द्वारा कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए जयपुर की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ऐतिहासिक स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों तथा प्राकृतिक विविधता से अवगत कराना था। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने आमेर किला, जल महल और आसपास के पारंपरिक व सांस्कृतिक बाजारों का भ्रमण कर राजस्थान की कला, संस्कृति और स्थापत्य शैली को नज़दीक से देखा। विद्यार्थियों ने जैसलमेर शैली की जड़ाऊ कला सहित कई स्थानीय विशेषताओं का भी अवलोकन किया। भ्रमण के दूसरे चरण में छात्रों ने जयपुर के प्रमुख ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों—जंतर-मंतर, हवा महल, बड़ी चौपड़ बाजार, बिड़ला मंदिर तथा अल्बर्ट हॉल म्यूज़ियम का दौरा किया। यहां विद्यार्थियों ने स्थापत्य कला, संग्रहालयीय धरोहर और जैविक विविधता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन और उत्साह की प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्य डॉ प्रवीण गुप्ता ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को कक्षा के बाहर सीखने और वास्तविक अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।